तो हम आपको एक किताब मुफ्त में भेज सकते हैं। अगर आपको कोई प्रश्न है, तो हम आपको खुशी से उसका उत्तर भेजेंगे, पत्र के द्वारा और आप अपने प्रश्न भी हमें पत्र में लिख सकते हैं।



आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।

*यूहन्ना १:१*

उस में जीवन था, और वह जीवन मनुष्यों की ज्योति थी।

*यूहन्ना १:४*

तब यीशु ने फिर लोगों से कहा,
जगत की ज्योति मैं हूँ, जो
मेरे पीछे हो लेगा, वह अन्धकार में
न चलेगा, परन्तु जीवन की
ज्योति पाएगा।

*यूहन्ना ८:१२*

यीशु ने उससे कहा, मार्ग और
सच्चाई और जीवन मैं ही हूँ,
बिना मेरे द्वारा कोई पिता के
पास नही पहुँच सकता।

*यूहन्ना १४:६*



कृपा बाइबल पढो, यह परमेश्वर का वचन है, परमेश्वर की आवाज सुनो। जो महान परमेश्वर जीवित, आपके विषय में आपके बारे में ख्याल करता हैं, ध्यान रखता है, वह चाहता है कि आज उसके प्रेम प्यार को जाने। उसका वचन आपको एक ऐसी सच्चाई के विषय में बताता है, जो सच्ची खुशी और सच्ची शांति। यदि आप नया नियम बाइबल का हिस्सा और कोई भी किताब प्रभु परमेश्वर यीशु मसीह के विषय में पढना चाहते हैं,

देख, मैं शीघ्र आने वाला हूँ
जो प्यासा हो, वह आए। जो
चाहता है, वह जीवन का जल
बिना मूल्य ले।
आमीन।
हे प्रभु यीशु आ!

*प्रकाशितवाक्य २२:१२,१७,२०*



यीशु खड़ा हुआ और पुकार कर
कहा, यदि कोई पियासा हो तो
मेरे पास आकार पिए। जो मुझ पर
विश्वास करेगा, जैसा पवित्र
शास्त्र में लिखा है उसके हृदय
दिल में से जीवन के जल की
नदियाँ बह निकलेगी।

*यूहन्ना ७:३७, ३८*

परन्तु वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्म के कामों के हेतु कुचला गया, हमारी ही शान्ति के लिये उस पर ताडना पडी, कि उसके कोडे खाने से हम लोग चंगे हो जाएं।

*यसायाह ५३:५*



तब मैंने नया आकाश और नई पृथ्वी को देखा. . . और वह उनकी आँखों से सब आंसू पोंछ डालेगा; फिर न कोई मृत्यु रहेगी न कोई शोक, न विलाप और न पीडा रहेगी। पहिली बातें बीत गई हैं।

*प्रकाशितवाक्य २१:१–४*

क्योंकि प्रभु स्वयं ललकार और प्रधान स्वर्गदूत की पुकार और परमेश्वर की तुरही की आवाज के साथ स्वर्ग से उतरेगा, और जो मसीह में मर गए हैं, वे पहिले जी उठेंगे। तब हम जो जीवित हैं और बचे रहेंगे उनके साथ हवा में प्रभु से मिलने के लिए बादलों पर उठा लिए जाएंगे। इस प्रकार हम सदैव प्रभु के साथ रहेंगे।

*१ थिस्सलुनीकियों ४:१६,१७*



देख मैं द्वार पर खडा हुआ खटखटाता हू, यदि कोई मेरा शब्द सुनकर द्वार खोलेगा, तो मैं उसके पास भीतर आकर उसके साथ भोजन करूँगा और वह मेरे साथ।

*प्रकाशितवाक्य ३:२०*

और विश्वास के द्वारा यीशु मसीह तुम्हारे हृदय दिल में बसे।

*इफिसियों ३:१७*

मैं तुमसे सच–सच कहता हूँ,
जो मेरा वचन सुनकर मेरे
भेजने वाले की प्रतीती करता है,
अनन्त जीवन उसका है, और
उस पर दंड की आज्ञा नही होती,
परन्तु वह मृत्यु से पार होकर
जीवन में प्रवेश कर चुका है।

*यूहन्ना ५:२४*



जो मुझ से और मेरे वचन से
लज्जित होता है, उस से
मनुष्य का पुत्र भी उस समय
लजाएगा जब वह अपनी, और
अपने पिता की और स्वर्गदूतों की
महिमा में आएगा।

*लूका ९:२६*

परन्तु मैं कहता हूँ कि पवित्र
आत्मा के अनुसार चलो तो तुम
शारीरिक इच्छाओं को किसी
रीति से पूर्ण नहीं करोगे।

*गलातियों ५:१६*

परमेश्वर के पवित्र आत्मा को
शोकित मत करो, जिससे तुम पर
छुटकारे के दिन के लिए छाप
दी गई है।

*इफिसियों ४:३०*



क्योंकि परमेश्वर ने जगत से
ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना
एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो
कोई उस पर विश्वास करे वह
नाश नहो, परन्तु अनन्त
जीवन पाए।

*यूहन्ना ३:१६*

हे सब परिश्रम करने वालो और बोझ से दबे हुए लोगों, मेरे पास आओं; मैं तुम्हें विश्राम दूगा। क्योंकि मेरा जूआ सहज और मेरा बोझ हलका है।

*मत्ती ११:२८, ३०*



इसलिए मैं तुम से कहता हूँ, कि जो कुछ तुम प्रार्थना में माँगते हो विश्वास करों कि उसे पा चुके हो, और वह तुम्हें मिल जाएगा।

*मरकुस ११:२४*

घास तो सूख जाती, और फूल मुर्झा जाता है; परन्तु हमारे परमेश्वर का वचन सदैव अटल रहेगा।

*यशायाह ४०:८*

आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे; परन्तु मेरा वचन कभी नहीं टलेगा।

*लूका २१:३३*



क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है, परन्तु परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु मसीह यीशु में अनन्त जीवन है।

*रोमियों ६:२३*

हे परमेश्वर मुझ पापी पर दया कर।

*लूका १८:१३*

सो अब जो मसीह यीशु में हैं,
उन पर दंड की आज्ञा नहीं।
*रोमियों ८:१*

परन्तु ये जो लिखे गए हैं इसलिए
लिखे गए कि तुम विश्वास करो,
कि यीशु ही परमेश्वर का पुत्र
मसीह : और विश्वास करके उसके
नाम से जीवन पाओ।
*यूहन्ना २०:३१*



मेरे पिता के घर में बहुत से
रहने के स्थान हैं, यदि न होते,
तो मैं तुमसे कह देता क्योंकि मैं
तुम्हारे लिये जगह तैयार करने
जाता हूँ। और यदि मैं जाकर
तुम्हारे लिये जगह तैयार करूँ,
तो फिर आकर तुम्हें अपने यहाँ
ले जाऊगा, कि जहाँ मैं रहूँ वहाँ
तुम भी रहो।
*यूहन्ना १४:२,३*

यहोवा ने मुझे दूर से दर्शन देकर कहा है। मैं तुझसे सदा प्रेम रखता आया हूँ, इस कारण मैं ने तुझ पर अपनी करूणा बनाए रखी है।

*यिर्मयाह ३१:३*

मत डर, क्योंकि मैं तेरे संग हुँ।

*यशायाह ४१:१०*



आनन्दित हो कि तुम्हारे नाम स्वर्ग पर लिखे हैं।

*लूका १०:२०*

सो जब हम विश्वास से धर्मी ठहरे, तो अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ मेल रखें।

*रोमियों ५:१*

आओ, अब भोजन तैयार है।

*लूका १४:१७*

और उन्हें बाहर लाकर कहा,
हे साहिबो, उद्धार पाने के लिये
मैं क्या करूँ? उन्होंने कहा,
प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास
कर, तो तू और तेरा घराना
उद्धार पाएगा।

*प्रेरितो १६:३०, ३१*



पर यदि जैसा वह ज्योति में है,
वैसे ही हम भी ज्योति में चलें,
एक दूसरे से सहभागिता रखते
हैं, और उसके पुत्र यीशु का लोहू
हमें सब पापों से शुद्ध
करता है।

*१ यूहन्ना १:७*

क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नही, वरन परमेश्वर का दान है। और न कर्मो के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमंड करे।

*इफिसियों २:८, ६,*

परमेश्वर को उसके उस दान के लिये जो वर्णन से बाहर है, धन्यवाद हो।

*२ कुरिन्थियों ६:१५*



जो कोई उस पर विश्वास करेगा, उसको उसके नाम के द्वारा पापों की क्षमा मिलेगी।

*प्रेरितो १०:४३*

वह हमारे अपराधों के लिये पकड़वाया गया, और हमारे धर्मी ठहरने के लिये जिलाया भी गया।

*रोमियों ४:२५*

परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उसने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।

*यूहन्ना १:१२*

इसलिये, मन फिराओ और लौट आओ कि तुम्हारे पाप मिटाए जाए,

*प्रेरितों ३:१९*



और तुम इसी के लिये बुलाए भी गए हो क्योंकि मसीह भी तुम्हारे लिये दु:ख उठाकर, तुम्हें एक आदर्श दे गया है, कि तुम भी उसके चिन्ह पर चलो।

*१ पतरस २:२१*

विश्वास की अच्छी कुश्ती लड़।

*१ तीमुथियुस ६:१२*

मेरी भेड़े मेरा शब्द सुनती हैं,
और मैं उन्हें जानता हूँ, और वे
मेरे पीछे चलती हैं। और
मैं उन्हें अनन्त जीवन देता हूँ,
और वे कभी नाश न होंगी, और
कोई उन्हें मेरे हाथ से छीन
न लेगा।

*यूहन्ना १०:२७, २८*



और जो कोई मेरे पास आएगा,
उसे मैं कभी न निकालूँगा।

*यूहन्ना ६:३७*

क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं
को ढूंढने और उनका उद्धार
करने आया है।

*लूका १९:१०*

सो उस मृत्यु का बपतिस्मा पाने से
हम उसके साथ गाडे गए, ताकि
जैसे मसीह पिता की महिमा के
द्वारा मरे हुओं में से जिलाया
गया, वैसे ही हम भी नए जीवन
की नई चाल चलें।

*रोमियों ६:४*



और देखो, मैं जगत के अन्त तक
सदैव तुम्हारे संग हूँ।

*मत्ती २८:२०*

उसी प्रकार तुम्हारा
उजियाला मनुष्यों के
साम्हने चमके कि वे तुम्हारे भले
कामों को देखकर तुम्हारे पिता
की, जो स्वर्ग में है, बडाई करें।

*मत्ती ५:१६*